देवघर
शनिवार, 6 अगस्त 2022
मूल्य ₹ 3.00 | कुल पृष्ठ 12
आमंत्रण मूल्य ₹ 2.00
epaper.indianpunch.com
वर्ष: 41, अंक: 214, रजिस्ट्रेशन: 39728/84

संथाल परगना से प्रकाशित प्रथम हिन्दी दैनिक
इंडियन पंच
सत्य दिखे, निष्पक्ष लिखे

मोदी ने फिलीपींस के राष्ट्रपति के साथ फोन पर की बातचीत

चीनी जहाजों ने समुद्री मध्य रेखा को फिर ... 9



# दिल्ली पब्लिक स्कूल में मनायी गयी तुलसी जयंती



**आसनसोल | संवाददाता**

महाकवि गोस्वामी तुलसीदास की जयन्ती के अवसर पर दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल में छात्रों ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर आधारित विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन कर उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ तुलसीकृत श्रीराम वंदना 'श्रीरामचन्द्र कृपालु भजमन के गायन से हुआ। तुलसी का सत्साहित्य लोकप्रिय है जिसमें समाज के लगभग हर एक वर्ग के रेखांकन की सूक्ष्मता को अत्यंत पैनी एवं गंभीर दृष्टि से देखा जा सकता है। उनके इसी साहित्य-सागर से चौपाइयों के कुछ सुमन चुन छात्रों ने अत्यंत मधुर स्वर में गायन द्वारा विद्यालय परिसर को सुवासित कर दिया। राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद की लघु नाटिका के माध्यम से छात्रों ने अत्यंत मनमोहक रूप में प्रस्तुत कर दर्शकों को मन्त्र मुग्ध कर दिया। प्रधानाचार्य आर.डी. शर्मा ने सभी को तुलसी जयन्ती की शुभकामनाएं दी तथा महाकवि गोस्वामी तुलसीदास जी के बताए गए मार्ग पर चलने का आह्वान भी किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि विश्व के लोकप्रिय एवं सुविज्ञ कवि तुलसीदास जी ने अपनी दिव्य-दृष्टि और महान विचारों के माध्यम से अपनी रचनाओं से लोगों को एक आदर्श जीवन जीने के लिए प्रेरित किया।